# शिव शंकर का भजन थोड़ा कर ले | By Sanjay Chauhan |

शिव शंकर का भजन थोड़ा कर ले
प्रभु से मिलन का जतन थोड़ा कर ले

शिव के चरण बिन कहाँ है ठिकाना
छोड़के शिव चरणों को और कहाँ जाना
शिव चरणों में नमन थोड़ा कर ले
शिव शंकर का भजन थोड़ा कर ले

ओंकारेश्वर धाम में जो आए
पावन ज्योतिर्लिंग के दर्शन पाए
शिव दर्शन का जतन थोड़ा कर ले
शिव शंकर का भजन थोड़ा कर ले

साँझ सवेरे जो शिव नाम गावे
शिव भोलेनाथ नैया पार लगावे
ममलेश्वर को नमन थोड़ा कर ले
शिव शंकर का भजन थोड़ा कर ले

शिव शंकर का जो ध्यान लगावे
शिव ओंकारेश्वर धाम बुलावे
शिव नाम का तू जतन थोड़ा कर ले
शिव शंकर का भजन थोड़ा कर ले

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a4%bf%e0%a4%b5-%e0%a4%b6%e0%a4%82%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a4%9c%e0%a4%a8-%e0%a4%a5%e0%a5%8b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a5%87-by/